तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपील जीसीएमएस नम्बर 2025/70 महेश कुमार व अन्य बनाम प्रेमप्रकाश	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
22.08.2025	पत्रावली वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। वकील उभयपक्ष उपस्थित। वकील अपीलान्टस ने प्रार्थना पत्र बाबत अपील न चलाने हेतु पेश किया। शा.फा.हो। वकील अपीलान्ट ने प्रार्थना पत्र अपील न चलाने के तथ्यों को दोहराते हुये कथन किया कि उक्त प्रकरण में पक्षकारान में राजीनामा हो गया है। ऐसी स्थिति में प्रार्थीगण अपील को नहीं चलाना चाहते हैं। न्यायहित में प्रकरण न चलाने के कारण निरस्त किया जाना आवश्यकीय है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि अपील को नोटप्रेस में खारिज फरमाये जाने की कृपा करें। अपीलान्ट द्वारा अपनी अपील को अब आगे नहीं चलाना चाहते हुए प्रकरण को इसी स्तर पर नोटप्रेस में खारिज किये जाने का कथन करते हुए न्यायालय की आदेशिका पर अपने हस्ताक्षर किये गये है। वकील अपीलांट द्वारा प्रार्थीगणों की पहचान के रूप में सत्यापित किया गया है। हमने अधिवक्ता अपीलान्ट की बहस पर मनन किया तथा पत्रावली का अवलोकन किया जिससे जाहिर होता है कि अपीलार्थीगण स्वंय ही उक्त अपील में कोई कार्यवाही नहीं करना चाहते हैं। ऐसी स्थिति में अब इस अपील को आगे चलाये जाने का कोई औचित्य प्रतीत नहीं होता है। प्रार्थना पत्र एवं पत्रावली की आदेशिका पर अपने हस्ताक्षर अंकित कर दिया गया है इसलिये यह अपील आगे चलाये जाने योग्य नहीं है। अतः अपीलार्थीगण का प्रा. पत्र नोटप्रेस में निरस्त करने स्वीकार किया जाता है तथा प्रार्थीगण स्वंय अपनी अपील नोट प्रेस किये जाने के कारण अपील अपीलार्थी खारिज की जाती है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो। इस न्यायालय की पत्रावली फैसल शुमार होकर पूर्ति लेख भण्डार हो। (दीप्ति कछवाहा) अतिरिक्त संभागीय आयुक्त जयपुर	Identified by me & [illegible] सुनाया [illegible] Not Press [illegible] अधिवक्ता अपीलान्ट